मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 21.03.2026

आवेदक के खाते में फ्राड की धनराशि ₹ 50,000/- थाना कोतवाली शहर की साइबर टीम के द्वारा वापस कराया गया-

आवेदक अख्तर अली पुत्र अब्दुल्लाह निवासी टेढ़ीनीम थाना को0शहर जनपद मीरजापुर ने दिनांक 29.01.2026 को आनलाइन फ्राड की सूचना NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या क्रमशः 33101260022012 प्राप्त हुआ था। जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 1,14,999 रूपये ट्रान्सफर करा लिया गया। फ्राड का पता चलते ही आवेदक द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना को0शहर टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में साइबर सेल को0शहर द्वारा जांच के दौरान आवेदक द्वारा ट्रान्सफर किये कुल धनराशि मे से 50,000 रुपया आवेदक के खाते में वापस कराया गया। आवेदक के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना को0शहर की आवेदक द्वार भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना को0शहर मीरजापुर

उ0नि0 दयाशंकर ओझा थानाध्यक्ष थाना को0शहर मीरजापुर।

म0का0 पारुल श्रीवास्तवा थाना को0शहर मीरजापुर।



उत्तर प्रदेश पुलिस